Accountancy

लेखाशास्त्र

(320)

Assignment - I

मूल्यांकन पत्र - I

(Lessons 1-12)

(पाठ 1 से 12 तक)

Max. Marks: 25

कुल अंक : 25

Note: (i) All questions are compulsory. Each question carries equal marks.

टिप्पणी: सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं।

(ii) Write your name, enrolment number, AI name and subject etc. on the top of the first page of the answer sheet.

उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ऊपर की ओर अपना नाम, अनुक्रमांक, अध्ययन केन्द्र का नाम, विषय आदि स्पष्ट शब्दों में लिखिए।

1. Answer any **two** of the following questions.

   निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए।

   (a) "A business firm will continue to carry on its activities for an indefinite period of time". Name the concept and explain it briefly.

   ''एक व्यावसायिक इकाई अपनी गतिविधियों को असीमित समय तक चलाती रहेगी।'' अवधारणा का नाम दीजिए तथा इसको संक्षेप में समझाइए।

   (b) What is meant by Cash Basis of Accounting? State its advantages.

   रोकड़ आधारित लेखांकन का क्या अर्थ है? इसके लाभों का उल्लेख कीजिए।

   (c) Ascertain the amount of current revenue realised for the year ending 31st December, 2009:

   (i) As per an order goods of Rs. 3,00,000 were supplied in 2009. Payment of Rs. 2,00,000 is received in 2009 while the balance amount of Rs. 1,00,000 is received in 2010.

   (ii) Name and explain the accounting concept in the above case.

   31 दिसम्बर 2009 को समाप्त वर्ष के लिए आगम वसूली की राशि का निर्धारण कीजिए:

   (i) आदेशानुसार 2009 में 3,00,000 रु के माल की आपूर्ति की गई। 2,00,000 रु का भुगतान 2009 में प्राप्त हो गया जबकि 1,00,000 रु की शेष राशि वर्ष 2010 में प्राप्त हुई।

   (ii) उपर्युक्त स्थिति में प्रयुक्त लेखांकन अवधारणा का नाम तथा उसका वर्णन कीजिए।

2. Answer any **two** of the following questions.

   निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए।

   (a) What is Bank Reconciliation statement? Explain in brief the need of preparing Bank Reconciliation statement.

   बैंक समाधान विवरण किसे कहते हैं? बैंक समाधान विवरण बनाने की आवश्यकता का वर्णन कीजिए।

(b) Prepare accounting equation from the following transactions:

		Rs.
(i)	Rohan Started business with: Cash	50000
	goods	30000
(ii)	Purchased goods from Asha	30000
(iii)	Sold goods costing Rs. 12000 for cash	16000
(iv)	Sold goods to Veeru on credit	18000
(v)	Salary paid	2000
(vi)	Received from Veeru in full settlement	17500

निम्नलिखित लेनदेनों से लेखांकन समीकरण बनाइए:

		रु०
(i)	रोहन ने व्यवसाय प्रारम्भ किया: रोकड़	50000
	माल	30000
(ii)	आशा से माल क्रय किया	30000
(iii)	12000 रु. की लागत का माल नकद में बेचा	16000
(iv)	वीरू को उधार माल बेचा	18000
(v)	वेतन का भुगतान किया	2000
(vi)	वीरू से हिसाब चुकता प्राप्त हुआ	17500

(c) Make journal entries:

(i) Goods sold to Sonali Rs. 17500 trade discount allowed @ 10%

(ii) Rent received in advance Rs. 4500

(iii) Depreciation provided on machine Rs. 1500

रोजनामचा प्रविष्टि कीजिए:

(i) सोनाली को माल बेचा 17500 रु., व्यापार कटौती दी 10%

(ii) किराया अग्रिम प्राप्त हुआ 4500 रु

(iii) मशीन पर अवक्षयण लगाया गया 1500 रु

3. On 31st December 2009 bank column of the cash book of a trader shows a credit balance of Rs. 13600. Cheques amounting to Rs. 7000 were deposited in the bank, but were not collected. The trader issued cheques of Rs. 12000 of which Rs. 2000 were not presented for payment. As per standing instruction bank paid insurance premium of Rs. 3000. There was a debit in the bank pass book of Rs. 400 for interest and Rs. 150 for charges. Prepare a statement showing the balance as per Pass Book.

31 दिसम्बर 2009 को एक व्यापारी की रोकड़ बही का बैंक स्तम्भ 13600 रु का जमा शेष दर्शा रहा है। 7000 रु के चैक बैंक में जमा कराए गये लेकिन उनकी वसूली नहीं हुई। व्यापारी ने 12000 रु के चैक जारी किए उनमें से 2000 रु के चैक भुगतान के लिए प्रस्तुत नहीं किए गए। पूर्व निर्देशानुसार बैंक ने 3000 रु बीमा प्रीमियम के भुगतान किए। बैंक पास बुक में नाम में 400 रु ब्याज के तथा 150 रु बैंक व्यय के लिखे थे। एक विवरण तैयार कीजिए जिसमें पास बुक शेष दर्शाया गया हो।

Or (अथवा)

Prepare Bank Column Cash Book from the following information for December 2009

			Rs.
Dec	1	Cash in hand	7500
		Bank overdraft	15200
	5	Cash sales	10000
	6	Cash deposited into bank	7200
	9	Furniture purchased by cheque	6000
	10	Goods sold on credit	10000
	18	Rent paid by cheque	3000
	20	Salary paid	2000
	24	Cash received from Vikram	4000

निम्न सूचनाओं से मार्च 2009 के लिए बैंक स्तंभ रोकड़ बही तैयार कीजिए:

दिसम्बर	1	हस्तस्थ रोकड़	7500
		बैंक अधिविकर्ष	15200
	5	नकद विक्रय	10000
	6	बैक में रोकड़ जमा की	7200
	9	चैक द्वारा फर्नीचर खरीदा	6000
	10	माल उधार बेचा	10000
	18	चैक से किराए का भुगतान किया	3000
	20	वेतन का भुगतान किया	2000
	24	विक्रम से नकद प्राप्ति हुई	4000

4. Differentiate between Manual accounting and Computerised accounting system.
मैनुअल लेखांकन एवं कम्प्यूटीकृत लेखांकन पद्धति के मध्य अंतर कीजिए।

Or (अथवा)

Following are some accounting errors. Rectify them by making journal entries:

(i) Carriage paid Rs. 300 on purchase of a machine was debited to carriage account.

(ii) Purchase book is over cast for the month of July 2009 by Rs. 8000

(iii) Rs. 4500 paid to Munish was credited to Manish.

(iv) A sale of Rs. 2500 was wrongly entered in the purchases book but buyers account was correctly debited.

(v) Salary of Rs. 7500 paid to Raman was debited to his personal account.

नीचे कुछ लेखांकन अशुद्धियां दी गयी हैं। उनका शोधन आवश्यक रोजनामचा में प्रविष्टि द्वारा कीजिए:

(i) मशीन के क्रय पर 300 रु. के भाड़े का भुगतान किया जिसे भाड़ा खाता के नाम में लिखा गया।

(ii) जुलाई 2009 के लिए क्रय बही का योग 8000 रु अधिक लगाया गया।

(iii) मुनीष को 4500 रु. का भुगतान किया जिसे मनीष के जमा में लिख दिया गया।

(iv) 2500 रु. का माल बेचा जिसे गलती से क्रय बही में लिख दिया गया लेकिन क्रेता के खाते के नाम में ठीक लिखा गया।

(iv) रमन को 7500 रु. वेतन के दिये लेकिन उसके व्यक्तिगत खाते में नाम में लिखा गया।

5. **Project work**

Visit a firm of your relative, friend or some known person and make a list of some transactions related to cash purchase, credit purchases, bank deposits, payment made to creditors by cheque, cash received from debtors and payment made for wages, salary, telephone bill etc. and prepare relevant vouchers of all the three types i.e. debit vouchers, credit vouchers and transfer vouchers.

परियोजना कार्य

अपने किसी सगे सम्बन्धि, मित्र अथवा अन्य किसी परिचित व्यक्ति की फर्म में जाएं तथा वहां से नकद क्रय, उधार क्रय, बैंक जमा, चैक द्वारा लेनदारों का भुगतान, देनदारों से नकद प्राप्ति तथा मजदूरी, वेतन, टेलीफोन बिल आदि के भुगतान से संबंधित कुछ लेनदेनों की सूचि बनाकर लाएं तथा तीनों प्रकार के सम्बन्धित प्रमाणक (नाम प्रमाणक, जमा प्रमाणक एवं हस्तान्तरण प्रमाणक) तैयार करें।

Accountancy

लेखाशास्त्र

(320)

Assignment - II

मूल्यांकन पत्र - II

(Lessons 13-24)

(पाठ 13 से 24 तक)

Max. Marks: 25

कुल अंक : 25

Note: (i) All questions are compulsory. Each question carries equal marks.
टिप्पणी: सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं।

(ii) Write your name, enrolment number, AI name and subject etc. on the top of the first page of the answer sheet.
उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ऊपर की ओर अपना नाम, अनुक्रमांक, अध्ययन केन्द्र का नाम, विषय आदि स्पष्ट शब्दों में लिखिए।

1. Answer any **two** of the following questions.
निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए।

(a) Explain the meaning of capital expenditure and Revenue expenditure. Give two examples of each.
पूँजीगत व्यय और आगम व्यय का अर्थ समझाइये। प्रत्येक के दो उदाहरण दीजिए।

(b) Prepare Trading A/c from the following information and find the amount of Gross Profit:

	Rs.
Net sales	72500/-
Opening Stock	7500/-
Pruchase	4500/-
Direct Expenses	5400/-
Closing stock	8500/-

दी गई सूचनाओं से व्यापार खाता तैयार करें व सकल लाभ ज्ञात करें:

	रुपये
शुद्ध विक्रय	72500/-
प्रारंभिक स्टॉक	7500/-
क्रय	4500/-
प्रत्यक्ष व्यय	5400/-
अंतिम स्टॉक	8500/-

(c) On 31st March 2010 there appaered the following items in the Trial Balance of a Trader:

Bad Debts	Rs. 3000
Provision for Bad Debts	Rs. 5000
Debtors	Rs. 150000

Additional information given is that:

1. Provide Rs. 2000 for further Bad Debts
2. Reserve for doubtful Debts to be created @ 5% on Debtors.

Show the items in Profit and Loss Account.

31 मार्च 2010 को एक व्यापारी के तलपट में निम्न मदें दर्शाई गई हैं:

अप्राप्य ऋण	Rs. 3000
अप्राप्य ऋण के लिये प्रावधान	5000
देनदार	150000

अतिरिक्त सूचनाए:

अतिरिक्त अप्राप्य ऋण की राशी 2000 रु है।

देनदारों पर संदिग्ध ऋण के लिये 5% का प्रावधान करें।

इन मदों को लाभ हानि खाते में दर्शायें।

2. Answer any **two** of the following questions.
निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए।

(a) What is a not for profit organisation? Name the financial statement prepared by such an organisation.

अलाभकारी संगठन से क्या अभिप्राय है इन संगठनों द्वारा तैयार किये जाने वाले वित्तीय विवरणों का नाम लिखें।

(b) Calculate the amount of Medicine consumed to be posted in the Income and expenditure account for the year ending 31st December 2009:

	Rs.
Stock of Medicine as on 1st Jan 2009	25400/-
Creditors for Medicines as on 1st Jan 2009	12000/-
Amount paid for medicine during 2009	93400/-
Stock of medicine as on 31st Dec 2009	18600/-
Advance paid for Medicne as on 31st Dec 2009	12000/-
Creditors for medicine as on 31st Dec 2009	16000/-

31 दिसम्बर 2009 को समाप्त वर्ष के आय एवं व्यय खाते में उपभोग की गई दवाइयों की राशि की गणना कीजिए।

	रु०
1 जनवरी 2009 को दवाइयों का स्टॉक	25400/-
1 जनवरी 2009 को दवाइयों के लिए लेनदार	12000/-
2009 वर्ष के दौरान दवाइयों के लिये भुगतान की गई राशि	93400/-
31 दिसंबर 2009 को दवाइयों का स्टॉक	18600/-
31 दिसंबर 2009 को दवाइयों के लिए अग्रिम भुगतान	12000/-
31 दिसंबर 2009 को दवाइयों के लिए लेनदार	16000/-

(c) Explain the Term Donation and Entrance fee. How will you treat specific donation while preparing financial statement of a Not for Profit Organisation.

दान और प्रवेश शुल्क मदों को समझाइये। अलाभकारी संगठनों के वित्तीय विवरण बनाते समय विशिष्ट दान का व्यवहार आप किस प्रकार करेंगे।

3. Pranay and Gunakshi are partners sharing profits in the ratio of 3: 2. Their Balance Sheet as on 31st March 2010 is as follows:-

Balance Sheet

Liabilities	**Amount (Rs.)**	**Assets**	**Amount (Rs.)**
Sundry Creditors	17000	Cash	12000
General Reserve	24000	Sundry Debtors 18500	
Capital		Less Provision 500	18000
Pranaya 60000		Closing Stock	22000
Gunakshi 40000	100000	Building	65000
		Furniture	24000
	141000		**141000**

On 1st April 2010 Roshni is admitted as a partner for 1/4th share in profits. Roshni brings Rs. 40000 as her share of capital and Rs. 12000 for goodwill.

Make Journal entries and partners capital A/C.

प्रणया और गुणकक्षी साझेदार हैं लाभ का विभाजन 3: 2 के अनुपात में करते हैं। 31 मार्च 2010 को उनका स्थिति विवरण निम्न है।

देयताएं	**राशि (रु.)**	**संपत्तियां**	**राशि (रु.)**
विभिन्न लेनदार	17000	रोकड़	12000
सामान्य संचय	24000	विभिन्न देनदार 18500	
पूँजी		घटाः प्रावधान 500	18000
प्रणया 60000		अंतिम स्टॉक	22000
गुणकक्षी 40000	100000	भवन	65000
		फर्नीचर	24000
	141000		**141000**

1 अप्रैल 2010 को रोशनी को लाभ के चौथाई भाग के लिये साझेदार बनाया जाता है। रोशनी पूंजी के रूप में 40000 रु और ख्याति के लिए 12000 रु लाती है। राजनामचा प्रविष्टि एवं साझेदारों के खाते तैयार कीजिए।

Or (अथवा)

R, S and Q are Partners in a firm sharing Profit in the ratio of 3: 2: 1. S died on 1st July 2009. From the following accounting information, prepare S's capital Account to be transfered to his executor. Firm's Accounts are closed on 31st December every year.

	Rs.
S's Capital as per last Balance Sheet	85000
S's Drawing till the date of death	20000
Interest on capital to be allowed @ 10% p.a.	
General reserve appeared in the balance sheet	24000
P&L A/C appeared on Assets side of Balance sheet	12000

Profit for the period i.e. upto 1st July was to be calculated on the basis of average of last 4 years profit which is amounting to Rs. 60000.

आर एस और क्यू साझेदार हैं लाभ का विभाजन 3: 2: 1 के अनुपात में करते हैं। जुलाई 2009 को एस की म त्यु हो जाती है। निम्न लेखा सूचनाओं से एस का पूँजी खाता तैयार करें जो उसके उत्तराधिकारी को दिया जायेगा। फर्म अपने खाते प्रत्येक वर्ष 31 दिसंबर को बंद करती है।

	रुपये
पिछले स्थिति विवरण के अनुसार एस की पूँजी	85000
म त्यु की तिथि तक एस का आहरण	20000
पूँजी पर 10% वार्षिक की दर से ब्याज दिया जायेगा	
स्थिति विवरण में दर्शाया गया सामान्य संचय	24000
स्थिति विवरण के संपत्ति पक्ष में दर्शाया गया लाभ व हानि खाता	12000

1 जुलाई की अवधि के लाभ की गणना पिछले 4 वर्षों के औसत के लाभ के आधार पर की जायेगी जो कि 60000 रु. है।

4. Y Ltd issued 5000 shares of Rs. 100/- per share issued at a discount of Rs. 10/- per share. Payable as Rs. 30 per share on application. Rs. 40/- per share (50–10) on allotment and balance on call. All money duly received except 500 shares on which allotment and call money was not received. These shares were forfeited.

Make Journal entries in the Books of the Company.

वाई लिमिटेड ने 100 रु प्रत्येक के 5000 अंशों को 10 रु प्रति अंश बट्टे पर निर्गमित किया। 30 रु प्रति अंश आवेदन पर, 40 रु. (50–10) प्रति अंश आवंटन पर और शेष याचना पर देय है। 500 अंशों पर आवंटन और याचना राशि को छोड़कर, सभी राशि प्राप्त की ली गई। इन अंशों को जब्त कर लिया गया। कम्पनी की पुस्तकों में रोजनामचा प्रविष्टियां कीजिए।

Or (अथवा)

What accounting treatement is given to securities premium account on forfeiture of shares when:

i) Amount of premium has been received.

ii) Amount of premium has not been received on scuh forfeited shares.

अंशों की जब्ती पर प्रतिभूति प्रीमियम खाता में क्या लेखांकन किया जाता है जबकि –

i) प्रीमियम की राशि प्राप्त हो गई है।

ii) जब्त किए गये अंशों पर प्रीमियम की राशि प्राप्त नहीं हुई है।

5. **Project work**

A friend of yours has been working in his village educating the people about AIDS and primary health care. He has been funding the activities from his own pocket and donations from his friends. Now he has formed an NGO and got it registered. He is receiving donations from various business enterprises and individuals and grants from state agencies. He has also enrolled new members. Using imaginary figures, prepare Receipts & Payments A/C.

परियोजना कार्य

आपका मित्र अपने गांव में लोगों को AIDS तथा प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के सम्बन्ध में शिक्षित करने का कार्य कर रहा है। इसके लिए आवश्यक धन अपने पास से तथा अपने मित्रों से दान के रूप में राशि प्राप्त कर जुटा रहा है। अब उसने एक गैर सरकारी संगठन (NGO) की स्थापना कर ली है तथा उसे पंजीकृत करा लिया है। उसे व्यावसायिक इकाइयों तथा व्यक्तियों से दान में राशि प्राप्त हो रही है तथा सरकारी एजेन्सीयों से अनुदान मिल रहा है। उसने कुछ सदस्य भी बना लिये हैं। काल्पनिक आंकड़ों की सहायता से प्राप्ति एवं भुगतान खाता तैयार कीजिए।

Accountancy
लेखाशास्त्र
(320)
Assignment - III
मूल्यांकन पत्र - III
(Lessons 25-30)
(पाठ 25 से 30 तक)
(Including Optional)
(Lessons 31-34)
(पाठ 31 से 34 तक)
(वैकल्पिक पाठ सहित)

Max. Marks: 25
कुल अंक : 25

Note: (i) All questions are compulsory. Each question carries equal marks.
टिप्पणी: सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं।

(ii) Write your name, enrolment number, AI name and subject etc. on the top of the first page of the answer sheet.
उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ऊपर की ओर अपना नाम, अनुक्रमांक, अध्ययन केन्द्र का नाम, विषय आदि स्पष्ट शब्दों में लिखिए।

1. Answer any **two** of the following questions.
निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए।

(a) What do you mean by issue of debentures? Explain redeemable and non-redeemable debenture.
ऋण पत्रों के निर्गमन से क्या अभिप्राय है? शोध्य एवं अशोध्य ऋण पत्रों को समझाइये।

(b) STC Ltd. purchased a building from Shanti & Sons for Rs. 12,00,000 and issued shares of Rs. 100 each at a premium of 20%. Make necessary journal entries in the books of STC Ltd.
एसटीसी लि० ने शान्ति एवं सन्स से 12,00,000 रु० में एक भवन खरीदा। तथा100 रु प्रति समता अंश 20% प्रीमियम पर जारी किये। एसटीसी लि० की लेखा पुस्तकों में रोजनामचा प्रविष्टियां कीजिए।

(c) Mannu Ltd forfeited 300 shares of Rs. 100 each issued at a discount of 10% held by Kannu for non-payment of allotment of Rs. 40 and Ist call of Rs. 20 per share. Final call of Rs. 10 has not been made. Out of these 160 shares were reissued to Poonam for Rs. 75 per share fully paid up. Give journal entries of forfeiture and reissue of shares.
मन्नू लि. ने 100 रु प्रति अंश वाले 10% छूट पर निर्गमित अंशों को जब्त किया यह अंश कन्नू के पास थे तथा इन पर 40 रु आवंटन तथा 20 रु की प्रथम याचना राशि का भुगतान नहीं किया था अन्तिम याचना पर 10 रु अभी मांगा नहीं गया है। जब्त किये गये अंशों में से 160 अंशों को 75 रु प्रति अंश पूर्णदत पर पूनम को पुनः निर्गमित कर दिया अंशों के जब्त करने एवं उनके पुनः निर्गमन की रोजनामचा प्रविष्टियां कीजिए।

2. Answer any **two** of the following questions.
निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिएः

(a) Write short notes on:

(i) Prime cost (ii) Indirect expenses
संक्षेप में लिखिएः
(i) मूल लागत (ii) अप्रत्यक्ष व्यय

(b) From the following information of M/s Sewa Shanti Pvt. Ltd. prepare comparative income statment for the year ending December 31, 2009.

Details	**2008 year Amount (Rs.)**	**2009 year Amount (Rs.)**
Net Sales	9,00,000	12,00,000
Cost of goods	6,00,000	8,00,000
Operating expenses	50,000	70,000
Other income	40,000	60,000
Income tax 50%		

मै० सेवा शान्ति प्रा० लि० की निम्नलिखित सूचनाओं से 31 दिसम्बर 2009 को समाप्त वर्ष के लिए तुलनात्मक आय विवरण तैयार कीजिए।

विवरण	**2008 वर्ष राशि (रु.)**	**2009 वर्ष राशि (रु.)**
शुद्ध विक्रय	9,00,000	12,00,000
माल की लागत	6,00,000	8,00,000
परिचालन व्यय	50,000	70,000
अन्य आय	40,000	60,000
आय कर 50%		

(c) Write short notes on:

(i) Reorder level (ii) Economic order quantity
संक्षेप में लिखिएः
(i) पुनः आदेश स्तर (ii) मित्तव्ययी आदेश मात्रा

3. (a) Calculate current assets from the following

Inventory	Rs. 10,000
Current Liabilities	Rs. 40,000
Quick Ratio	1.4: 1

चालू सम्पतियां ज्ञात कीजिए

स्टाक	10,000 रु०
चालू देयता	40,000 रु०
त्वरित अनुपात	1.4 : 1

(b) What do you mean by Ratio Analysis?

अनुपात विश्लेषण से आप क्या समझते हैं?

4. (a) Calculate cash flow from operating activities from the following information:

Dr. **Profit and Loss A/C** **Cr.**

Particulars	**Amount (Rs.)**	**Particulars**	**Amount (Rs.)**
To Rent	17000	By Profit	18,700
To Salary	4000	By Interest	200
To Depreciation	1500		
To Loss on sale of machine	700		
To Divident	1000		
To Net profit	10,000		
	18,900		**18,900**

Additions

Debtors increased by	Rs. 3000
Stock decreased by	Rs. 4000
Prepaid expenses decreased by	Rs. 500
Creaditors increased by	Rs. 1700
O/s expenses reduced by	Rs. 2000

Find the changes that have taken place in the asset and also state their effect on cash flow.

निम्न से परिचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह ज्ञात कीजिए

लाभ एवं हानि खाता

विवरण	**राशि (रु.)**	**विवरण**	**राशि (रु.)**
किराया	17000	लाभ	18,700
वेतन	4000	ब्याज	200
ह्रास	1500		
मशीन बिक्री पर हानि	700		
लाभाशं	1000		
शुद्ध लाभ	10,000		
	18,900		**18,900**

अतिरिक्त

देनदारों में व द्धि	3000 रु.
स्टाक में कमी	4000 रु.
पूर्वभुगतान व्यय में कमी	500 रु.
लेनदारों में व द्धि	1700 रु.
बकाया खर्चों में कमी	2000 रु.

. (b) What do you mean by cash flow statement?
रोकड़ प्रवाह विवरण से आप क्या समझते हैं?

Or (अथवा)

A company maintains its store ledger on FIFO method. The following is the summary of Records of receipts and issues of materials during the month of January, 2010. Prepare store ledger from the following:

2010 January, 01,	Purchase 200 units @ Rs. 10 per unit
2010 January, 05,	Purchase 300 units @ Rs. 15 per unit
2010 January, 08,	Material issued at 150 units
2010 January, 15,	Material issued at 160 units
2010 January, 20,	Purchased 500 units @ Rs. 20 per unit
2010 January, 25,	Material issued at 180 units
2010 January, 28	Purchased 200 units @ Rs 10 per unit
2010 January, 30,	Material issued 350 units.

एक कम्पनी पहले आना, पहले जाना पद्धति के आधार पर अपना स्टोर्स खाता बही तैयार करती है। निम्नलिखित प्राप्तियों एवं निर्गमन जनवरी 2010 के आधार पर स्टोर्स बही खाता तैयार कीजिए:

2010 जनवरी 01,	200 इकाइयाँ 10 रु प्रति इकाई पर अधिग्रहण की
2010 जनवरी 05,	300 इकाइयाँ 15 रु प्रति इकाई पर अधिग्रहण की
2010 जनवरी 08,	150 इकाइयाँ निर्गमित की
2010 जनवरी 15,	160 इकाइयाँ निर्गमित की
2010 जनवरी 20,	500 इकाइयाँ 20 रु प्रति इकाई पर अधिग्रहण की
2010 जनवरी 25,	180 इकाइयाँ निर्गमित की
2010 जनवरी 28,	200 इकाइयाँ 10 रु प्रति इकाई पर अधिग्रहण की
2010 जनवरी 30,	350 इकाइयाँ निर्गमित की

5. **Project work**

Usha Verma is a village woman. She wants to operate an animal husbandary in her village. An NGO wants to give her financial help. But she does not know how to prepare cost statement for this work. Please help her to make this statement.

परियोजना कार्य

उषा वर्मा एक ग्रामीण महिला है। वह गांव में पशुपालन से संबंधित काम करना चाहती है। लेकिन उसे नहीं मालूम कितनी लागत आयेगी। एक एनजीओ उसकी वित्तीय मदद करना चाहती है। पशुपालन का काम शुरू करने में किस प्रकार से लागत विवरण बनाया जायेगा इसमें आप उसकी मदद कीजिए।